मेरा कोई न सहारा बिन तेरे

मेरा कोई न सहारा बिन तेरे घनश्याम सांवरिया मेरे -2
तेरे बिन मेरा है कौन यहां,प्रभु तुम्हे छोड़ अब जाऊं कहाँ ,
मैं तो आन पड़ा दर तेरे ,घनश्याम सांवरिया मेरे।
मेरा कोई न सहारा.....

मैने जन्म लिया जग में आया ,तेरी किरपा से नर तन पाया -2
तूने किये उपकार घनेरे ,घनश्याम सांवरिया मेरे।
मेरा कोई न सहारा। .....

मेरे नैना कब से तरस रहे ,सावन भादों हैं बरस रहे ,
छाए घनघोर अँधेरे ,घनश्याम सांवरिया मेरे।
मेरा कोई न सहारा। .....

हरी आ जाओ-2 ,अब और न हमको तरसाओ ,
काटो जन्म मरण के फेरे ,घनश्याम सांवरिया मेरे।
मेरा कोई न सहारा। .....

जिस दिन से दुनिया में आया ,मैने पल भर चैन नहीं पाया ,
सहे कष्ट पे कष्ट घनेरे ,घनश्याम सांवरिया मेरे।
मेरा कोई न सहारा। .....

मेरे सारे सहारे छूट गए ,तुम भी जो मुझसे रूठ गए ,
आओ करने दूर अँधेरे ,घनश्याम सांवरिया मेरे -2
मेरा कोई न सहारा। .....

तेरे बिन मेरा है कौन यहां,प्रभु तुम्हें छोड़ अब जाऊं कहाँ ,
मैं तो आन पड़ा दर तेरे ,घनश्याम सांवरिया मेरे।
मेरा कोई न सहारा.....

घनश्याम सांवरिया मेरे-2
मेरा कोई न सहारा बिन तेरे घनश्याम सांवरिया मेरे -2

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33149/title/mera-koi-na-shara-bin-tere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |